


नवभारत 11

इंदौर, रविवार, 19 जुलाई 2026


## एक नजर में

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में एमबीए-एमसीए शुरू

**नीमच।** जिले के प्रतिष्ठित और एकमात्र 'ए' ग्रेड उत्कृष्ट शासकीय महाविद्यालय स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस), नीमच में नए शैक्षणिक सत्र से एमबीए (मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) एवं एमसीए (मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशंस) पाठ्यक्रमों की शुरुआत हो गई है। इन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के प्रारंभ होने से जिले और आसपास के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए अब अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के विद्यार्थियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए विधायक दिलीप सिंह परिहार, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विश्व देव शर्मा एवं महाविद्यालय प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से दोनों पाठ्यक्रम इस सत्र से प्रारंभ किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली ने दोनों पाठ्यक्रमों के लिए 60-60 सीटों की स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा भी एमबीए एवं एमसीए पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए संबद्धता प्रदान कर दी गई है, जिससे अब प्रवेश प्रक्रिया विधिवत प्रारंभ हो चुकी है। प्राचार्य डॉ. मिश्रा ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। सीटों की संख्या सीमित होने के कारण प्रवेश मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। इसलिए विद्यार्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की गई है, ताकि वे प्रवेश से वंचित न रहें। महाविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के शुरू होने से जिले के युवाओं को प्रबंधन और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी, जिससे उनके रोजगार और करियर के नए अवसर भी बढ़ेंगे। महाविद्यालय में प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थियों से वाणिज्य संकायाध्यक्ष डॉ. सी.पी. पंवार से संपर्क करने का आग्रह किया है।

### 38 स्कूली छात्रों को सौंपी गईं साइकिलें



**जावी।** मध्यप्रदेश शासन की साइकिल वितरण योजना के तहत शासकीय विद्यालय, जावी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक दिलीप सिंह परिहार ने 38 छात्र-छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए मन लगाकर अध्ययन करने तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। विधायक श्री परिहार ने कहा कि प्रदेश सरकार की यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने और विद्यालय तक उनकी पहुंच को सरल एवं सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विद्यार्थियों के चेहरों पर दिखाई दे रही खुशी ही इस जनकल्याणकारी योजना की सबसे बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि शिक्षित युवा ही विकसित मध्यप्रदेश और सशक्त भारत की आधारशिला हैं। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष की श्रीमती शारदा बाई धनगर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती मनीषा धाकड़, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू नागदा, महामंत्री सतीश यादव, ममता नागदा, जिला मंत्री रोशन वर्मा, दीपक नागदा, राजेश पाटीदार, शोभाराम खाती, नवलकृष्ण सुरावत, मोहन नागदा, अशोक शर्मा, सरंच गुलाब सिंह चंद्रावत, भोपाल अहीर, किशन शर्मा, देवकरण शर्मा, गोटू अजमेरा, प्रताप सिंह, मदन धनगर सहित विद्यालय परिवार, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## इलाज करवा लौटे युवक ने लगाई फांसी

### नीमच के ग्वालटोली क्षेत्र में वारदात, पुलिस कर रही मामले की जांच

**नीमच। ग्वालटोली स्थित प्रजापति मोहल्ले में शनिवार को एक 40 वर्षीय युवक ने अपने घर की तीसरी मंजिल पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान ग्वालटोली निवासी अनिल प्रजापति (40) पुत्र मदनलाल प्रजापति के रूप में हुई है।**

परिवार के लोगों ने जब घर की तीसरी मंजिल पर जाकर देखा, तो अनिल फंदे पर लटके हुए थे। परिजन उन्हें तुरंत फंदे से उतारकर जिला अस्पताल ले गए, लेकिन वहां डॉक्टर्स ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। केंट पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और



पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिवार वालों को सौंप दिया।

**मानसिक बीमारी का चल रहा था इलाज**-बताया जा रहा है कि अनिल पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ थे, जिसके इलाज के लिए परिजन उन्हें राजस्थान के उदयपुर ले गए थे। पूरा परिवार शुक्रवार शाम को ही उदयपुर के अस्पताल से इलाज करवाकर घर वापस लौटा था।

### बारीकी से हो रही जांच

फिलहाल, आत्महत्या की असली वजह सामने नहीं आ पाई है। केंट पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है, ताकि यह साफ हो सके कि अस्पताल से लौटने के तुरंत बाद ऐसी क्या वजह रही, जिसके चलते उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया।

## डेढ़ वर्ष से फरार इनामी तस्कर पकड़ाया

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास के निर्देश में जिले में फरार आरोपियों और मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मनासा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस ने 2024 के एनडीपीएस एक्ट के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 5 हजार के इनामी आरोपी सोनू पिता प्रकाशचंद धाकड़ (निवासी बरखेड़ा) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, थाना मनासा के एनडीपीएस मामले में पहले आरोपी अविनाश पिता हीरालाल धाकड़ निवासी मालखेड़ा को गिरफ्तार किया जा चुका था। वहीं इस मामले के दो अन्य आरोपी जितेंद्र सिंह पिता रामसिंह निवासी मुंडला चक,



थाना नीमच सिटी और सोनू धाकड़ घटना के बाद से फरार चल रहे थे फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी ने 5 हजार का इनाम घोषित किया था। लगातार तलाश के बाद 17 जुलाई को मनासा पुलिस ने सोनू धाकड़ को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरे इनामी आरोपी जितेंद्र सिंह की तलाश जारी है। कार्रवाई में टीआई निलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## दुग्ध समृद्धि अभियान 2.0 : ग्राम अल्हेड़ में पशुपालकों से की चर्चा

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार, मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान 2.0 के अंतर्गत ग्राम अल्हेड़ में पशुपालकों से संवाद किया गया। संवाद के दौरान अनुविभागीय अधिकारी किरण अंजाना एवं मैदानी अमले ने पशुपालकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और पशुपालन को लाभकारी बनाने के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।



इस दौरान पशुपालकों को पशुओं के संतुलित आहार, समय पर टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन एवं वैज्ञानिक डेयरी पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही दुग्ध सहकारी समितियों से जुड़कर नियमित दूध विक्रय करने तथा विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया गया। अधिकारियों ने बताया कि दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का उद्देश्य दुग्ध उत्पादन में वृद्धि कर पशुपालकों की आय बढ़ाना तथा उन्हें आधुनिक पशुपालन तकनीकों एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। कार्यक्रम में उपस्थित पशुपालकों ने भी अपनी समस्याओं एवं सुझावों से अधिकारियों को अवगत कराया, जिनके त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया गया।

## जावद तहसील में वर्षाकालीन कंट्रोल रूम के लिए तैनात रहेंगे अधिकारी-कर्मचारी

**नीमच। वर्षा ऋतु में संभावित अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जावद ने तहसील कार्यालय जावद में संचालित कंट्रोल रूम के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी में संशोधन करते हुए संशोधित आदेश जारी किए हैं। कंट्रोल रूम 15 अक्टूबर 2026 तक 24 घंटे संचालित रहेगा।**

जारी आदेश के अनुसार प्रथम पाली (सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक) में घनश्याम मेघवाल मो. 9098452015, द्वितीय पाली (दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक) में श्री दिनेश धाकड मो. 9340532918 एवं राजेन्द्र करवाडिया मो. 9993131747, जबकि तृतीय पाली (रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक) में नानालाल मोगिया मो. 9407229306 और शांतिलाल धाकड मो. 9425107624 रिजर्व दल के रूप में तैनात रहेंगे।

कंट्रोल रूम प्रभारी ऑफिस कानूनगो नेपालसिंह राजपूत को बनाया गया है। किसी भी आपात स्थिति अथवा वर्षा संबंधी सूचना कंट्रोल रूम के दूरभाष 07420-232241 अथवा प्रभारी के मोबाइल 9229437585 पर दी जा सकती है।

## उप संचालक कृषि ने किया खरीफ फसलों का निरीक्षण

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नगीन सिंह रावत एवं उनकी टीम ने नीमच और जावद विकासखंड के ग्राम मालखेड़ा, नेवड़, सरवानिया महाराज एवं बरखेड़ा सहित विभिन्न गांवों का भ्रमण कर खरीफ फसलों की स्थिति का जायजा लिया।

टीम ने क्षेत्र में सोयाबीन, मक्का, मूंगफली और अरहर सहित विभिन्न खरीफ फसलों का निरीक्षण कर खेतों में नमी की स्थिति, कीट एवं रोगों के प्रकोप का आकलन किया। किसानों को मौसम की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए फसलों के बेहतर प्रबंधन एवं समय पर आवश्यक उपाय अपनाने की सलाह दी गई।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अधिकांश किसानों ने नमी संरक्षण के लिए कुल्पा चलाकर खेतों में नमी सुरक्षित रखने का कार्य किया है। वहीं अधिक खरपतवार वाले खेतों में श्रमिकों के माध्यम से खरपतवार नियंत्रण भी किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि ने किसानों को सलाह दी कि जिन खेतों में अभी तक कुल्पा या डोरा नहीं चलाया गया है, वहां शीघ्र नमी संरक्षण का कार्य करें। सोयाबीन फसल में स्टेम फ्लाई एवं गर्डल बीटल की नियमित निगरानी रखें तथा आवश्यकता होने पर समय पर कीटनाशक का छिड़काव करें। मक्का की फसल में फॉल आर्मी वर्म की आशंका को देखते हुए खेतों का सतत निरीक्षण करें और लक्षण दिखाई देने पर अनुशंसित उपचार अपनाएं। साथ ही सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होने पर स्प्रिंकलर से जीवन रक्षक सिंचाई करने की भी सलाह दी गई।

**एक नजर** | **भाजपा जिला नीमच की नई जिला कार्यसमिति घोषित**

## स्थायी, विशेष आमंत्रित और कार्यसमिति सदस्यों का मनोनयन

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी, मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य एवं जिला प्रभारी सुभाष पटेल की सहमति से भाजपा जिला नीमच की जिला कार्यसमिति, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं स्थायी आमंत्रित सदस्यों की घोषणा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल ने की ।जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा के अनुरूप समर्पण और कर्मठता के साथ दायित्वों का निर्वहन करेंगे। जिले में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### पद मिलते ही दिखा सदस्यों में उत्साह

राकेश भारद्वाज (नीमच), संतोष चौपड़ा (नीमच), यशवंत सोनी (मनासा), बगारदीराम गुर्जर (मनासा), मदनलाल खटीक (कोज्या), सुंदरलाल मोगरा (मोरवन), जगदीश गुर्जर (झालरी), खुराजसिंह चौरड़िया (नीमच), शांतिलाल बगाड़ (जावद), लादूराम पालीवाल (सिंगोली), राकेश जैन (रामपुरा), पंकज पोरवाल (मनासा), सुरेन्द्र सेठी (नीमच), अनिल नागौरी (नीमच), उमरावसिंह गुर्जर (नीमच), डॉ. अनूप व्यास (मनासा), राकेश बैरागी (अठाना) एवं विरेन्द्र पाटीदार (जयसिंहपुरा)।

**स्थायी आमंत्रित सदस्य**- सांसद सुधीर गुप्ता (मंदसौर), विधायक ओमप्रकाश सखलेचा (जावद), विधायक दिलीपसिंह परिहार (नीमच), विधायक अनिरुद्ध माधव मारू (मनासा), जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जनसिंह चौहान (नीमच), प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा पवन पाटीदार (नीमच), पूर्व विधायक दुलीचंद जैन (जावद), पूर्व विधायक विजेन्द्रसिंह मालाहेड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा (नीमच), वरिष्ठ कार्यकर्ता हेमंत हरित (नीमच), महेंद्र भटनागर (नीमच) व अवंतिका जाट (बाग पिपलिया)।

**जिला कार्यसमिति सदस्य**- मनीष चौरसिया, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, मिश्रीलाल रियार, संतोष पंजाबी, अशोक जोशी, कमलसिंह राठौर, सत्यानारायण मंडवारिया, ममता मोदी, कृष्णा सोनी, निर्भयराम राठौर, रिंका जैन, सुगनाबाई गुर्जर, सोहनीबाई मेघवंशी व अन्य हैं।

# मंदसौर

## एक नजर में

### दलौदा में बैंक ऑफ इंडिया शाखा ने मनाया किसान दिवस



**दलौदा।** कड़ी धूप में जो उम्मीद बोता है, वही हमारा अन्नदाता कहलाता है।इसी भाव के साथ किसान दिवस के अवसर पर शनिवार को बैंक ऑफ इंडिया शाखा दलौदा द्वारा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसान, महिला किसान एवं वरिष्ठ किसानों का पुष्पहार पहनाकर सम्मान किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण और किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक प्रतीक कुमार सिंह ने कहा कि किसान दिवस किसानों के अथक परिश्रम और देश के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि बैंक का उद्देश्य क्षेत्र के किसानों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ बैंकिंग सेवाओं एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।उन्होंने किसानों को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी भी दी। इस अवसर पर किसान रामलाल तेली ने कहा कि बैंक द्वारा समय पर ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) सहित शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने से क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है।उन्होंने कहा कि पहले किसानों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन बैंकिंग सुविधाओं और सरकारी योजनाओं के माध्यम से किसानों को काफी सहायता मिली है। किसान राजमल पाटीदार ने कहा कि बैंक ने 卐रिश्तों की जमा पूंजी卐 के अपने स्लोगन को सार्थक करते हुए किसानों के साथ विश्वास और सहयोग का रिश्ता कायम किया है। वहीं किसान मुकेश पाटीदार ने बैंक द्वारा किसानों को प्रदान की जा रही विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान बैंक स्टाफ द्वारा किसानों को नीम, आंवला, जायफल, सीताफल, अनार, आम, चीकू, गुलमोहर, बादाम, नींबू एवं संतरा सहित विभिन्न फलदार एवं उपयोगी पौधे वितरित किए गए। बैंक स्टाफ ने किसानों से आह्वान किया कि वे अपने खेतों की मेड़ों पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें तथा भविष्य में इन पौधों से अतिरिक्त आय का लाभ भी प्राप्त करें। स्टाफ अधिकारी राकेश मीणा ने आभार माना।कार्यक्रम प्रभारी एवं संचालक मुकेश पाठक सहित बैंक स्टाफ की ओर से नीलम राठौर, अंगुरबाला तोमर, राकेश मीणा, गोपाल परमार, राधेश्याम, अंबालाल माली, रानी मालवीय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दलौदा क्षेत्र के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इनमें महिला किसान सोहनबाई तखत सिंह सहित देवराम पाटीदार, दुर्गालाल पाटीदार, लीलाशंकर पाटीदार, राधेश्याम शर्मा, ओंकारलाल तेली, राजमल पाटीदार, तेजराम मीणा, राधेश्याम त्रिवेदी, हरिप्रसाद पाटीदार, दिनेश केलवा, राजेंद्र सिंह, शंकरलाल पाटीदार, भेरूलाल माली सहित करीब 100 किसान उपस्थित रहे।

## परिवार और रिश्तों की कद्र करें आज के युवा : आचार्य सागरचन्द्र सागर

**मंदसौर।** मानव जीवन में धर्म व संस्कारों का अपना महत्व है धर्म व संस्कार मानव जीवन में बहुत जरूरी है जीवन में संस्कारों की कमी होती है तो हमें समाज में दुखी करने वाली घटनाये देखने को मिलती है जब कोई युवती विवाह के बाद अपने ब्वायफ्रेण्ड के साथ मिलकर पति की हत्या करने जैसा घृणित अपराध करती है तो जीवन में संस्कारों की महत्ता स्वत: ही दिखने लगती है जीवन में हम अपने बच्चो को ऐसे संस्कार दे कि वे मानवता के लिये धर्म के लिये काम करे, अपराध से दूर रहे, घर परिवार रिश्तों की कद्र करें।



उक्त उद्गार परम पूज्य जैन आचार्य श्री अशोक सागर सूरिश्वरजी म.सा. की पावन निश्रा में नयापुरा जैन दादावाड़ी (श्री आदिनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर हाल) में आयोजित धर्मसभा में आचार्य श्री सागरचन्द्र सागरजी म.सा. ने कहे। आपने शनिवार को यहाँ आयोजित धर्मसभा में कहा कि धर्म पर धन खर्च करना चाहिये धर्म पर किया गया खर्च कभी व्यर्थ नहीं जाता जो लोग धर्म पर धन खर्च कर आत्मसंतोष का जीवन निर्वहन करते है उनको देव गुरु धर्म की कृपा मिलती है।

प्रार्थना करते समय दूसरों की भी सोचे - आचार्य श्री ने कहा कि प्रभु की प्रतिमा के सामने या एकांत में जब भी प्रार्थना करते हैं, मैं-मैं मत करो अर्थात दूसरो के लिये भी मंगल कामना करो। केवल अपने लिये प्रभु से मत मांगो, परिवार, रिश्तेदारों, मित्रो सभी के लिये मंगल भाव रखते हुये उनके लिये प्रार्थना करो। स्वयं के लिये नही दुसरो के लिये मांगो, जब दूसरों के कल्याण की भावना रखोगे तो तुम्हारा कल्याण स्वत: हो जायेगा।

अभावो, दुखो को स्वीकार करे वही संत है - आचार्य श्री सागरचन्द्र सागरजी म.सा. ने कहा कि संत बाल्यकाल से अभाव में उत्पन्न नहीं होते बल्कि वैराग्य भावना आने पर वे स्वयं अभावो दुखों को स्वीकार कर संत बन जाते है। जैन संत होना सरल नही है। हर रोज पैदल विहार करना, रात्रि भोजन त्याग, प्रतिदिन सामायिक, प्रतिक्रमण, पोषध, स्वाध्याय में रहना कोई सरल कार्य नहीं है, जीवन में जैन संतों का सानिध्य मिले तो प्राप्त करे।

धर्म के बिना सब कुछ अधूरा है - आचार्य श्री ने कहा कि जीवन में धर्म है तो सब कुछ है धर्म के बिना सब कुछ अधूरा है। आपने कहा कि आपका, नाम आपका शरीर सब नश्वर है नाम की ज्यादा चिन्ता मत करो धर्म की चिंता करो। नाम शोहरत की चिन्ता करना व्यर्थ है क्योकि नाम से कुछ होने वाला नहीं है धर्म श्रेष्ठ है।



## इंदौर अभिभाषक कल्याण समिति द्वारा नवीन कार्यकारिणी का सम्मान

**इंदौर. इंदौर अभिभाषक कल्याण समिति द्वारा इंदौर अभिभाषक संघ की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी के सम्मान में सम्मान समारोह एवं संगीत संध्या का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अरविंद यादव ने किया.**

समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया. इस अवसर पर नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया. वक्ताओं ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा व्यक्त की. सम्मान समारोह के बाद आयोजित संगीत संध्या में अधिवक्ताओं ने एक से बढ़कर एक सांगीतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया. कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्रस्तुतियों का भरपूर आनंद लिया. कार्यक्रम के अंत में इंदौर अभिभाषक कल्याण समिति ने अतिथियों, अधिवक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया.

## भटके नहीं, संस्कार और संयम से युवा बनाएं भविष्य

**इंदौर.** अनुष्ठान आराधिका महासती डॉ. कुमुदलता जी म.सा. आदि ठाणा-4 ने आज जानकीनगर जैन स्थानक में युवा वर्ग को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक प्रवचन दिया. महासती जी ने कहा कि आज का युवा ही कल का राष्ट्र निर्माता है। मोबाइल और सोशल मीडिया की चकाचौंध में मत भटको. अपने जीवन का लक्ष्य तय करो और धर्म, संस्कार व संयम के मार्ग पर चलो. आपने युवाओं से आह्वान किया कि पढ़ाई के साथ-साथ चरित्र निर्माण पर ध्यान दो। डिग्री बड़ी नहीं, संस्कार बड़े होते हैं. जो युवा अपने माता-पिता, गुरु और धर्म का सम्मान करता है, वही जीवन में सच्ची सफलता पाता है. महासती जी ने युवाओं को नशे से दूर रहने, समय का सदुपयोग करने और सेवा भाव रखने की प्रेरणा दी. जानकीनगर संघ के अध्यक्ष अरूण मेहता ने स्वागत उद्बोधन दिया. स्वागत गीत उज्जवला कटारिया,ओर भक्ति गीत रेखा चोरड़िया ने प्रस्तुत किया. चातुर्मास समिति के मुख्य समन्वयक जिनेश्वर जैन ने आगामी बिहार यात्रा ओर चातुर्मास कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की. संचालन चंदना मोदी मंत्री आदर्श बहु मण्डल द्वारा किया गया. प्रवचन सभा में डीपीन जैन, प्रकाश भटेवरा, अनूप बाफना, मुकुंद चंद मेहता, पियूष जैन, अशोक मंडलीक, आर धर्मी चंद चोरड़िया सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित हुए।.

**एक नजर** | **बड़ेसाथ ओसवाल समाज मंदसौर की 2026 की हुई बैठक**

## नई कार्यकारिणी की घोषणा, गुणवान सिंह कोठारी बने अध्यक्ष

**मंदसौर। बड़ेसाथ ओसवाल समाज मंदसौर द्वारा सत्र 2026 के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। चुनाव अधिकारी और बड़ेसाथ ओसवाल समाज के संयोजक श्री सुरेंद्र लोढा ने बताया समाज के नवगठित मंडल में श्रीमान गुणवान सिंह कोठारी को अध्यक्ष पद की महती जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं संस्था के सफल संचालन एवं मार्गदर्शन हेतु श्री निर्मल सुराणा एवं श्री संजय मुर?िया को सहसंयोजक, श्री हीरालाल मेहता को मुख्य परामर्शदाता मनोनीत किया गया है।**

समाज के सुचारू संचालन और प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूती देने के लिए महामंत्री पद पर श्री प्रेमेंद्र चोर?िया, श्री सुनील तलेरा एवं श्री सीए आयुष जैन को नियुक्त किया गया है। वित्तीय व्यवस्थाओं के बेहतर प्रबंधन हेतु श्री राजेंद्र नाहर को कोषाध्यक्ष तथा श्री दिनेश जैन (धुँध?का) को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी श्री राकेश सुराणा, श्री वीरेंद्र मारू, श्री अजय लो?ा, श्री कपिल नाहटा, श्री राजेश संघवी, श्री सोधर्म सुशील डोसी एवं श्री पारस कोचट्टा को सौंपी गई है। वहीं मंत्री पद का प्रभार श्री संजय चौधरी, श्री आशीष खेमसरा, श्री अमित कीमती, श्री मनोज जैन (राकेश इंडस्ट्री), श्री जितेंद्र कर्णावत (राजू) एवं श्री अनिल बाफना संभालेंगे।

युवाओं और महिलाओं की समाज में भागीदारी ब?ाने के उद्देश्य से युवा प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष पद पर श्री अरुण मारू तथा महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष के रूप में श्रीमती शालू सौरभ दुग्ग? को मनोनीत किया गया है। समाज के व्यापक मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ परामर्शदाता मंडल का गठन किया गया है, जिसमें श्री आनंदीलाल दुग्ग?, श्री सूरजमल तलेरा, श्री प्रदीप कीमती, श्री राजेंद्र सुराणा, श्री गजराज जैन, श्री नरेंद्र मेहता, श्री शांतिलाल लो?ा, श्री कोमल बाफना, श्री गजेंद्र हिंग?, श्री अजीत संघवी, श्री राजेश संचेती, श्री हस्तीमल नाहर, श्री शांतिलाल डोसी, श्री राकेश जैन (एमपी एग्रो), श्री प्रतीक डोसी, श्री दिलीप लो?ा, श्री अशोक मारू, श्री विजय सुराणा, श्री दिलीप डांगी, श्री वीरेंद्र भंडारी, श्री महेश जैन (तहलका) तथा श्री भरतसिंह कोठारी शामिल हैं।